Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 22 अक्तूबर, 2022

भर्ती अभियान-रोज़गार मेला

प्रधानमंत्री 22 अक्तूबर, 2022 को 10 लाख कर्मियों के भर्ती अभियान- रोज़गार मेले का शुभारंभ करेंगे। यह कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संपन्न होगा। रोज़गार मेले के पहले चरण में 75 हज़ार से अधिक चयनित लोगों को नियुक्ति-पत्र सौंपे जाएंगे। युवाओं को रोज़गार के अवसर प्रदान करने एवं जन कल्याण सुनिश्चित करने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता की दिशा में यह एक महत्त्वपूर्ण कदम होगा। प्रधानमंत्री के निर्देश पर **सभी मंत्रालयों एवं विभागों में** स्वीकृत पदों की मौजूदा रिक्तियों को भरा जाएगा। देश भर से चयनित नए कर्मी केंद्र सरकार के 38 मंत्रालयों एवं विभागों में शामिल किये जाएंगे। इन्हें वर्ग-क, ख और ग, के विभिन्न पदों पर नियुक्त किया जाएगा। इनमें केंद्रीय सशस्त्र बलों के कर्मी, उप निरीक्षक, कॉन्सटेबल, एलडीसी, स्टेनो, पीए, आयकर निरीक्षक तथा एमटीएस शामिल हैं। मंत्रालय एवं विभाग, मिशन मोड में इस भर्ती अभियान के तहत कर्मियों का सीधे चयन करेंगे अथवा संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग और रेलवे भर्ती बोर्ड के माध्यम से भर्ती करेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष

भारत वैश्विक स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष मनाने की तैयारी कर रहा है। 21 अक्तूबर, 2022 को नई दिल्ली में भारतीय कृषि मंत्री ने बोत्सवाना के अंतर्राष्ट्रीय कार्य और सहयोग मंत्री लेमोगेंग क्वापे से बातचीत की। भारत की यात्रा पर आए डॉक्टर क्वापे ने कृषि और संबंधित क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग पर ज़ोर दिया। विदित है कि मार्च 2021 में भारत की ओर से पेश एक प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया है, जिसके तहत वर्ष 2023 को 'अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष' घोषित किया गया है। **इस प्रस्ताव का 70 से अधिक देशों ने समर्थन किया।** इसका उद्देश्य बदलती जलवायु परिस्थितियों में मोटे अनाज के पोषण एवं स्वास्थ्य लाभ तथा इसकी खेती हेतु उपयुक्तता के बारे में जागरूकता पैदा करना है। मोटे अनाज में ज्वार, बाजरा, रागी, कंगनी, कुटकी, कोदो आदि शामिल हैं। अप्रैल 2016 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भूख को मिटाने और दुनिया भर में कुपोषण के सभी प्रकारों की रोकथाम की आवश्यकता को मान्यता देते हुए **वर्ष 2016 से 2025 तक की अवधि को 'पोषण पर संयुक्त राष्ट्र कार्रवाई दशक' घोषित किया।**

वाणिज्यिक उपग्रह LVM-3

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन-ISRO **23 अक्तूबर** को **सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा** से पहला समर्पित **वाणिज्यिक उपग्रह LVM-3 लॉन्च करेगा।** ISRO की वाणिज्यिक अंतरिक्ष कंपनी **न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड-NSIL** के लिये ऐतिहासिक महत्त्व की साबित होगी। ISRO ने **वनवेब**-LEO ब्रॉडबैंड संचार उपग्रह के प्रक्षेपण हेतु **ब्रिटेन के नेटवर्क एक्सेस एसोसिएशन के साथ दो अनुबंधों पर हस्ताक्षर किये हैं। यह प्रक्षेपण ISRO के सबसे भारी लॉन्चर LVM-3 से होगा। वनवेब** एक वैश्विक संचार नेटवर्क है, जिसे अंतरिक्ष से संचालित किया जाएगा और इससे सरकार, व्यापार एवं समुदायों के लिये कनेक्टिविटी की सुविधा उपलब्ध होगी। अनुबंध के अंतर्गत **LVM-3** से **36 उपग्रह** पृथ्वी की कक्षा में छोड़े जाएंगे। **ISRO** के अनुसार, प्रक्षेपण संबंधी सभी उपकरण एकत्रित कर लिये गए हैं और इनकी अंतिम जाँच की जा रही है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-22-october-2022